कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, अजय भू संरक्षण प्रमण्डल, देवघर ।

पत्रांक -- 3984 दिनांक -- 17/12/99

17/12/99
प्रा० 4910
20/12

सेवा में,

कार्यपालक अभियन्ता,
पुनासी बांध प्रमण्डल,
पुनासी शिविर ।

विषय:- पुनासी जलाशय हेतु वन भूमि का हस्तानान्तरण के संबंध में ।

प्रसंग :- आपका पत्रांक- 490 दिनांक-07/10/99 तथा इस कार्यालय का पत्रांक -- 3983 दिनांक -- 17/12/99

महाशय,

पुनासी जलाशय योजना के लिये आपके द्वारा समर्पित 140.67 हे० भूमि का अपयोजन संबंधी प्रस्ताव के लिये निम्न प्रकार माँग पत्र समर्पित किया जा राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा वन प्रमण्डल पदाधिकारी, अजय भू संरक्षण प्रमण्डल, देवघर के से समर्पित करने की कृपा की जाय । वन भूमि पर पड़ने वाले वृक्षों का राजस्व एवं पूर्त्तिके माँग पत्र संयुक्त निरीक्षण के बाद वृक्षों की गणना कर अलग से समर्पित कि जाएगा ।

O/C

§1§ वनभूमि का शुद्ध वर्त्तमान मूल्य
3,10,822.10 प्रति हे० की दर से-140.67 हे० — 4,37,23,345.00
§ 1999-2000 §

§2§ क्षतिपूरक वनरोपण हेतु 142.89×19792= — 28,28,079.00
वर्ष 1998-99 के लिये
§ मुख्य वन संरक्षक का आदेश सं0-125 दिनांक-24/11/98§
10% की वृद्धि वर्ष 1999-2000 -- 2,82,808.00

31,10,887 .00

अनुरोध है कि 140.67 हे० वन भूमि का शुद्ध वर्त्तमान मूल्य —— 4,37,23,345 § चार करोड़ सैंतिस लाख तेइस हजार तीन सौ पैंतालीस § तथा क्ष पूर्त्ति वनरोपण हेतु रू0 31,10,887.00§ एकतीस लाख दस हजार आठ सौ सतासी रूपये का अलग-अलग बैंक ड्राफ्ट वन प्रमण्डल पदाधिकारी, अजय भू संरक्षण प्रमण्डल, देवघर पदनाम से इस कार्यालय में समर्पित करने की कृपा की जाय ।

विश्वास भाजन,
17/12/99
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
अजय भू संरक्षण प्रमण्डल, देवघर ।
17/12/99

(17)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पुनासी बांध प्रमंडल, पुनासी जि0 देवघर ।

पत्र संख्या- 609 /देवघर, दिनांक- 13.9.2000

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता,
सिंचाई अंचल, जसीडीह, जि0 देवघर ।

विषय:- वन-भूमि हस्तानान्तरण के अद्यतन प्रतिवेदन के सम्बन्ध में ।

प्रसंग:- आपका पत्रांक-994 दिनांक- 11-9-2000 ।

महाशय,

5/10/410

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के सन्दर्भ में कहना है कि पुनासी जलाशय योजना के ~~अन्तर्गत~~ अन्तर्गत एफ0आर0एल0 पर 20803 हेक्टेयर प्रभावित होती है । एफ0आर0एल0 से 4 मीटर नीचे पर 146.54 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होती है । उपर्युक्त 146.54 हेक्टेयर में 140.67 हेक्टेयर देवघर जिला के अन्तर्गत एवं 5.87 हेक्टेयर जमुई जिला के अन्तर्गत पड़ता है ।

वन प्रमंडल पदाधिकारी के अन्तर्गत पड़ने वाले 140.67 हेक्टेयर वन भूमि हस्तानान्तरण के लिए आवश्यक प्रस्ताव समर्पित कर दिया गया है । इस प्रस्ताव के आलोक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, देवघर द्वारा उनके पत्रांक-3784 दिनांक- 11-12-99 द्वारा क्षतिपूरक वन रोपण हेतु रु031,10,087/- राशि की मांग की गई थी जिसे वर्ष 99-2000 में उन्हें उपलब्ध करा दी गई है । वन भूमि हस्तानान्तरण के लिए 142.89 (142.37) हेक्टेयर सरकारी जमीन ~~[illegible]~~ उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी वन प्रमंडल पदाधिकारी को भेज दिया गया है । आगे की कार्रवाई के लिए सिंचाई प्रमंडल, देवघर को आपके द्वारा पूर्व में निदेश दिया गया था ।

जमुई जिला के अन्तर्गत पड़ने वाले 5.87 हेक्टेयर वन भूमि के हस्तानान्तरण के लिए प्रस्ताव वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमुई को जल संसाधन विभाग द्वारा 6.90 (5.87) हेक्टेयर भूमि देने ~~के~~ का प्रस्ताव जो जमुई जिला के अन्तर्गत है क्षतिपूरक वन रोपण के लिए आवश्यक प्रस्ताव भेज दिया गया है । अभी तक क्षतिपूरक वन रोपण हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमुई से निधि की मांग नहीं की गई है ।

यह आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित ।

विश्वासभाजन,
[signature] 13/9/2000

कार्यपालक अभियंता,
पुनासी बांध प्रमंडल, पुनासी, जि0 देवघर ।